मार्गों पर रोक पट्टों को प्रमुख रूप से लगाया गया है ताकि सड़क उपयोग - कर्ताओं को चेतावनी दी जा सके कि रेलपथ को सावधानी पूर्वक पार करें।

(2) सड़क उपयोग कर्ताओं को अति-रिक्त चेतावनी के रूप में सीटी बजाने के पट्ट लगाये गये हैं ताकि समपारों के निकट पहुंचने वाली गाड़ियों के ड्राइवर बिना चौकीदार वाले समपारों तक पहुचते ही सीटी बजा दें।

(3) राज्य सरकारो से भी अनुरोध किया गया है कि बिना चौकीदार वाले सभी समपारों के पहुंच मार्गों पर सड़क पट्टों की व्यवस्था करें।

(4) मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत राज्य सरकारों ने इस आशय का नियम भी बनाया है कि यात्री बसो के ड्राइवर बिना चौकीदार वाले समपारो पर पहुचने से पहले अपने वाहन रोक दे और उस के बाद बस का कंडक्टर बस के आगे आगे चलकर बस को रेलवे लाइन से पार कराये।

(ग) जी नही ।

(घ) प्रश्न नही उठता ।

इटारसी भुसावल यात्री गाड़ी की दुर्घटना में हताहत व्यक्ति

139. श्री भागीरथ भवर : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 12 दिसम्बर, 1973 को इटारसी भुसावल यात्री गाड़ी की हुई दुर्घटना में कितने व्यक्तियों की मृत्यु हुई तथा कितने व्यक्ति घायल हुये ;

(ख) क्या रेलवे ने घायल व्यक्तियो को कोई मुआवजा दिया है ; और

(ग) इस दुर्घटना के कारण क्या थे दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गयी ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरशी) : (क) 12-12-1973 को मध्य रेलवे के बुरहानपुर स्टेशन पर 358 अप इटारसी -भुसावल सवारी गाड़ी और एल-30 अप माल गाडी के बीच जो टक्कर हुई थी उस मे एक व्यक्ति मारा गया और 21 को चोटे आयी थी जिन मे से 6 व्यक्तियों को गम्भीर चोटे आयी थी।

(ख) अभी तक क्षतिपूर्ति के किसी दावे का भुगतान नही किया गया । लेकिन गम्भीर रूप से घायल होने वाले व्यक्तियों को 500—500 रुपये का भुगतान अनुग्रह के रूप मे किया गया है ।

(ग) रेल सुरक्षा के अपर आयुक्त ने इस दुर्घटना की सांविधिक जाच की है। उन के अंतिम निष्कर्ष के अनुसार यह दुर्घटना रेल कर्मचारियो की गलती से हुई थी । रेल सुरक्षा के अपर आयुक्त की अंतिम रिपोर्ट मिलने पर उपयुक्त कार्रवाई की जायेगी।

भट्टों की गली रेलवे स्टेशन (पश्चिमी रेलवे) के निकट ट्रक तथा गाड़ी के बीच हुई टक्कर

140. श्री भागीरथ भवर : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 20 दिसम्बर, 1973 को भट्टो की गली रेलवे स्टेशन (पश्चिमी रेलवे) के निकट एक ट्रक की एक रेलवे क्रासिंग के निकट सवाई माधोपुर से लूहारु जाने वाली एक गाड़ी मे टक्कर हो जाने के फल-स्वरूप ट्रक में बैठे तीन व्यक्तियो की मृत्यु हो गयी